षोडश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 मंगलवार, दिनांक- 12 फरवरी, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल** :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-6 स्थगित ।
(iv) 121 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :-

माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम, श्री सुदामा प्रसाद एवं श्री महबूब आलम और माननीय सदस्य श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा अलग अलग दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

माननीय सदस्य श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा कार्य स्थगन के विषय को आसन की अनुमति से सदन में पढ़ा गया ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री शमीम अहमद
(iii) श्री अमीत कुमार
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री राजेन्द्र कुमार
(vi) श्री सत्यदेव राम
(vii) श्री सुदामा प्रसाद
(viii) डा० रामानुज प्रसाद
(ix) श्री महबूब आलम
(x) श्री नीरज कुमार
(xi) श्री विजय कुमार खेमका

[4] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय की मांग किये जाने के फलस्वरूप ध्यानाकर्षण सूचना स्थगित हुई ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री आलोक कुमार मेहता एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक विवरणी का उपस्थापन :-

(i) वित्त विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

(ii) वित्त विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया ।

[6] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद :-**

माननीय सदस्य, श्री मेवालाल चौधरी ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा ।

माननीय सदस्य, श्री मिथिलेश तिवारी द्वारा धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव पर माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय द्वारा संशोधन पेश नहीं किया गया, फलस्वरूप धन्यवाद के प्रस्ताव पर ही वाद-विवाद प्रारम्भ हुआ ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री आलोक कुमार मेहता
(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)
(ii) डा० मुहम्मद जावेद
(iii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर विशेष वाद-विवाद कल दिनांक-13.02.2019 को भी जारी रहेगा ।

[7] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 10 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-13 फरवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-12.02.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।